



# हैंडबॉल मुकाबले में दिखा अनुभव और युवा जोश का संगम

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर सीनियर एवं जूनियर खिलाड़ियों के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला

**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अमेच्योर हैंडबॉल एसोसिएशन, जबलपुर, जबलपुर ड्यूबॉल एसोसिएशन एवं खालसा स्पोर्ट्स अकादमी, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में सनातन धर्म पब्लिक स्कूल, हाथीताल, जबलपुर में सीनियर एवं जूनियर हैंडबॉल खिलाड़ियों के बीच एक रोमांचक मैत्री मुकाबले का आयोजन किया गया।

आयोजन का उद्देश्य खिलाड़ियों में खेल भावना, अनुशासन, टीम भावना एवं आपसी सहयोग को बढ़ावा देना तथा युवा खिलाड़ियों को अनुभवी खिलाड़ियों से सीखने का अवसर प्रदान करना रहा।

### अतिथियों ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

कार्यक्रम में सनातन धर्म एजुकेशन सोसायटी के उपाध्यक्ष धनवंत राय सेठी, सनातन धर्म एजुकेशन सोसायटी के सदस्य इंद्र कुमार विरमानी, सनातन धर्म पब्लिक स्कूल की प्राचार्या मौलश्री दुबे, मध्यप्रदेश क्रीड़ा परिषद् के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत मिश्रा, मध्यप्रदेश ड्यूबॉल संघ के अध्यक्ष हर्षित सिंघई सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

### सीनियर व जूनियर खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। सीनियर खिलाड़ियों ने अपने अनुभव एवं तकनीक का परिचय दिया, वहीं जूनियर खिलाड़ियों ने भी शानदार ऊर्जा, गति और जोश के साथ मुकाबले में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। मैदान पर शानदार पासिंग, तेज आक्रमण, मजबूत रक्षात्मक खेल और बेहतरीन गोलकीपिंग देखने को मिली।

### केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद में मनाया गया खेल दिवस

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर ध्यानचंद की 121 जयंती को खेल दिवस के रूप में मनाया गया। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम, सचिव कार्यालय नितिन खत्री, सचिव खेल एमसी बालोदी, पूर्व खेल सचिव अनिल अलंग सहित सभी खेल प्रभारियों, खिलाड़ियों, महिलाओं व बच्चों ने परिषद के मशाल परिसर में स्थापित ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कम से कम एक घंटा मैदान में बिताएं : मेश्राम

केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव ने इस अवसर पर उपस्थितों को संबोधित करते हुए कहा कि समस्त विद्युत कंपनियों के कार्मिकों का आह्वान किया कि वे फिट इंडिया मूव्हमेंट के अनुरूप कम से कम एक घंटा खेल के मैदान में बिताएं। उन्होंने कहा कि खेल दिवस पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद का ध्येय व संकल्प है कि 'हर कर्मचारी वर्ष में कम से कम एक खेल से जुड़े और प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट शारीरिक गतिविधि करे।



### इनकी रही उपस्थिति

खेल दिवस आयोजन में कार्यालय प्रभारी संजय आनंद, सह प्रभारी क्रिस्टोफर नरोन्हा, सुमंत मिश्रा, सुनील सिंह, संजय केने, नीरज दुबे, महेंद्र सोनी, रावेन्द्र वर्मा, शेख गुलाम, संतोष द्विवेदी, संजय सिंह, अशोक चौहान, रवीन्द्र अवस्थी, सूर्यभान वर्मा, संजय पोल, सुरेन्द्र इंगले, रोहित कुशवाहा, जुक्त बहादुर, राकेश स्वामी, घनश्याम रान, आरडी प्रजापति, एसके शाह, माधुरी तिवारी, प्रतिभा पटेल, अनीता तिवारी, वैशाली सिंह आदि उपस्थित रहे।

### अर्जुन अवॉर्डी मधु यादव ने पुष्पांजलि अर्पित की

खेल दिवस के अवसर पर विद्युत कंपनी के मशाल परिसर में स्थापित दादा ध्यानचंद की प्रतिमा पर भारतीय हॉकी टीम की पूर्व कप्तान एशियाई गोल्ड मेडलिस्ट अर्जुन अवॉर्डी मधु यादव एवं हॉकी के पूर्व प्रभारी सुनील यादव ने पूर्व प्रभारी नारायण बहादुर छेत्री, सेवानिवृत्ति सीनियर स्पोर्ट्स ऑफिसर ओमकार दुबे एवं एवं स्कूल खेल प्रशिक्षक राकेश श्रीवास के साथ दादा ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके चरणों में नमन किया। खिलाड़ियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित उनके प्रति सम्मान प्रकट किया।

### अधिकारियों-कर्मचारियों ने दिखाया फुटबॉल का दम



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जबलपुर रेल मंडल द्वारा रेलवे ग्राउंड में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा एलाइड क्लब के खिलाड़ियों के बीच मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच खेला गया। मैदान पर खिलाड़ियों के उत्साह और शानदार प्रदर्शन ने खेल प्रेमियों में जोश भर दिया।मैच के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक दिनेश कुमार कलामे, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशांक गुप्ता सहित स्वप्निल पाटिल, आलोक तिवारी, पीके गुप्ता एवं गुन्नार सिंह ने भी फुटबॉल के मैदान पर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के शानदार खेल और रोमांचक मुकाबले का दर्शकों ने तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया।

### खेल गतिविधियों, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर मंथन



शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय में मेजर ध्यान चंद की जयंती पर शारीरिक शिक्षण विभाग और एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में खेल मनोविज्ञान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ. ज्योति जाट और प्रशासनिक अधिकारी डॉ. मनोज प्रियदर्शन मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. अमिताभ तिवारी ने पीपीटी के माध्यम से छात्राओं को बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी आगे आना चाहिए जिससे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा होता है और अनुशासन, आत्मविश्वास व धैर्य विकसित होता है। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा महाविद्यालय की संभाग, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की उत्कृष्ट खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नेहा तिवारी एवं आभार एनसीसी अधिकारी डॉ. स्वाति इन्दुरख्या द्वारा किया गया।



# राष्ट्रीय खेल दिवस पर रेलवे में दिखा खेलों का जोश

**वॉकथॉन से लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखाया दमखम**

**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ, जबलपुर द्वारा शनिवार 29 अगस्त को रेल सौरभ अधिकारी क्लब में विभिन्न खेलकूद गतिविधियों एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7 बजे पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

खिलाड़ियों एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें कैप वितरित किए गए, जिसके बाद महाप्रबंधक ने हरी झंडी दिखाकर वॉकाथॉन को रवाना किया। इस दौरान बड़ी संख्या में रेल अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों, महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं तथा परिवार के बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में बास्केटबॉल, टेबल टेनिस और बैडमिंटन सहित विभिन्न खेलों में रेलकर्मियों एवं खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मैदान से लेकर इंडोर खेल गतिविधियों तक खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बना। अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर पश्चिम मध्य रेल का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान रेल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने खेलेगा भारत, जीतेगा भारत के संकल्प को दोहराते हुए सभी से प्रतिदिन कम से कम एक घंटा खेल एवं शारीरिक गतिविधियों के लिए समर्पित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आयकर विभाग, भारतीय सेना एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भी सहभागिता की।

### आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यक्रम के समापन अवसर पर पश्चिम मध्य रेल संस्कृति अकादमी द्वारा देशभक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसने माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। आयोजन में अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मनोज गुरुमुखी, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नीरज कुमार सहित मुख्यालय के विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी, भारतीय सेना के मेजर के.बी. थापा तथा बड़ी संख्या में रेलकर्मी एवं खिलाड़ी मौजूद रहे। खेलकूद संघ के अध्यक्ष मनोज गुरुमुखी एवं महासचिव ज्ञान प्रकाश शिव नारायण के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य रेल कर्मचारियों और उनके परिवारों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ स्वस्थ, सक्रिय और अनुशासित जीवनशैली को प्रोत्साहित करना रहा। राष्ट्रीय खेल दिवस पर रेलवे परिसर में दिनभर खेल भावना, उत्साह और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल नजर आया।

# धमका कर कराई चोरी, 54 लाख की संपत्ति बरामद

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 29 अगस्त . मध्यप्रदेश पुलिस ने चोरी के एक सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोप है कि आरोपियों ने एक नाबालिग को ब्लैकमेल कर और जान से मारने की धमकी देकर चोरी की वारदात में शामिल होने के लिए मजबूर किया.**



सागर जिले की बीना पुलिस ने मामले में सोने के आभूषण, वाहन, मोबाइल फोन और घरेलू सामान सहित करीब 54.37 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की है. यह कार्रवाई सागर पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन तथा बीना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया के नेतृत्व में की गई. शिकायतकर्ता ने अपने पैतृक मकान से नकदी, सोने के आभूषण और अन्य कीमती सामान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया.

स्थानीय लोगों और संदिग्धों से पूछताछ की तथा तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया. जांच में सामने आया कि आरोपियों ने शिकायतकर्ता के परिवार के एक नाबालिग सदस्य को कथित रूप से ब्लैकमेल किया और उसकी हत्या की धमकी देकर चोरी कराने में उसकी मदद लेने के लिए मजबूर किया. पूछताछ में आरोपियों ने करीब 13 लाख रुपये नकद और लगभग 40 तोला सोने के आभूषण हासिल करने की बात स्वीकार की. पुलिस ने आरोपी के मामा को भी गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 38 लाख रुपये मूल्य के आभूषण बरामद किए हैं. चोरी की रकम से खरीदी गई दो कारें, रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल, आईफोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य सामान भी जब्त किया गया है. मामले में आगे की जांच जारी है.

# युवा कांग्रेस में राहुल बघेल बने अहमदाबाद के नए प्रभारी

**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा प्री-राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अंतर्गत संचालित बेहतर शहर 'कैंपेन' के तहत राहुल बघेल को अहमदाबाद शहर का प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नई जिम्मेदारी युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब एवं राष्ट्रीय महासचिव व बेहतर शहरी अभियान की प्रभारी खुशबू शर्मा द्वारा प्रदान की गई है। नेतृत्व द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार राहुल बघेल को अहमदाबाद में वार्ड स्तर पर जनसंवाद, शहरी एवं



श्रमिक समुदायों से संपर्क, स्थानीय नागरिक समस्याओं की पहचान, सोशल ऑडिट तथा संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का काम सौंपा गया है। राहुल बघेल की इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सांगठनिक अनुभव और सक्रियता से अहमदाबाद में युवा कांग्रेस के संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। अहमदाबाद के नए प्रभारी राहुल बघेल 1 सितंबर 2026 से वहां पहुंचकर अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे।

**सम्मेलन** | **दिखी एआई और आधुनिक कंप्यूटिंग क्रांति**

# तकनीकी नवाचार पर श्री राम ग्रुप में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन




**नवभारत, जबलपुर।** श्री राम ग्रुप में श्री राम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं आईईईई स्टूडेंट चैप्टर एमपी सेक्शन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय आईईईई कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ हुआ। एप्लाइड इंटेलिजेंस एंड कंप्यूटिंग विषय पर आधारित इस वैश्विक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. अभिलाष पांडेय रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव चांडक ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय विज्ञान, तकनीक और नवाचार का युग है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस जैसी अत्याधुनिक तकनीकें मानव जीवन और समाज में परिवर्तन की नई संभावनाएं प्रस्तुत कर रही हैं। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में वीएनआईटी नागपुर के प्रोफेसर डॉ. नीरज राव उपस्थित रहे।

### चौदह देशों से प्राप्त हुए शोध पत्र


इस दो दिवसीय सम्मेलन की व्यापक अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें 14 देशों से कुल 4525 शोधपत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 211 उत्कृष्ट शोधपत्रों का चयन प्रस्तुति के लिए किया गया है। कार्यक्रम के दौरान ट्रिपल आईटीडीएम जबलपुर की डीन प्रोफेसर डॉ. प्रीति खन्ना द्वारा की-नोट एड्रेस प्रस्तुत किया गया तथा आईईईई एमपी सेक्शन के चेयर डॉ. जीएस तोमर ने भी अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। श्री राम ग्रुप के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एलके पटेल ने स्वागत भाषण दिया, जिसके बाद डॉ. वाईएम दुबे ने संस्थान की शैक्षणिक व तकनीकी उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत की तथा डॉ. सपना चौधरी ने कॉन्फ्रेंस के वैश्विक उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग के साथ डेटा प्राइवेसी, साइबर सिक्योरिटी और नैतिकता जैसे पहलुओं पर गंभीरता से विचार किया जाना आवश्यक है।

### युवा इंजीनियरों को मिला वैश्विक मंच

सम्मेलन के समापन सत्र में वक्ताओं ने कहा कि भारत के युवा इंजीनियर, शोधकर्ता एवं विद्यार्थी एआई और उभरती तकनीकों के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की क्षमता रखते हैं और ऐसे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन उन्हें देश-विदेश के विशेषज्ञों के साथ संवाद का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। श्री राम ग्रुप प्रबंधन की ओर से इंजीनियर आरके करसोलिया, इंजीनियर रामेंद्र करसोलिया, इंजीनियर सोनम करसोलिया एवं इंजीनियर राजुल करसोलिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस तकनीकी महाकुंभ के दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शैलेष गुप्ता, डॉ. समीर वैद्य, प्रोफेसर निधि मिश्रा, डॉ. भरत सोलंकी, डॉ. आशीष गुप्ता और डॉ. प्रशांत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। इस दौरान मंच संचालन सोनिया विश्वास एवं आशीष श्रीवास ने किया।

# न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने चैनल पार्टनर्स को किया सम्मानित

**नवभारत, जबलपुर।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने 'न्युवोको उत्कृष्ट शिखर 2026' का आयोजन किया, जिसमें पूर्वी क्षेत्र के 1,800 से ज्यादा चैनल पार्टनर्स शामिल हुए। 'ड्रीमर्स, बिलीवर्स, अचीवर्स' थीम पर आधारित इस सालाना डीलर कॉन्फ्रेंस में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पार्टनर्स को पुरस्कृत किया गया और कपल्स के लिए 'न्युवोको उत्कृष्ट सबसे खास जोड़ी' प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस मौके पर मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस के हेड चिराग शाह ने कहा कि चैनल पार्टनर्स प्रीमियम उत्पादों का दायरा बढ़ाने और वैल्यू-बेस्ड ग्रोथ को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते रहेंगे। वहीं सेल्स हेड (ईस्ट) निहार परिदा ने कहा कि आगे बढ़ते हुए वे




पार्टनर्स के साथ मिलकर डिस्ट्रिब्यूशन बढ़ाने, सस्टेनेबल ग्रोथ को बढ़ावा देने और तरक्की का जश्न मनाने के लिए काम करना जारी रखेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से कंपनी ने उत्कृष्टता को पहचानने और अपने विस्तृत पार्टनर इकोसिस्टम में लंबे समय तक चलने वाले रिश्तों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दोहराया।